<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय अर्न्त छात्रावास वालीबाल (पुरूष) प्रतियोगिता आयोजित</u>

पन्तनगर। 7 मई, 2024। विश्वविद्यालय में सत्र 2023–24 की अर्न्त छात्रावास वालीबाल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 6 मई 2024 तक स्टीवेन्सन स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 8 छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया। सेमी फाइनल मैच में पटेल भवन ने शिवालिक भवन को एवं सिल्वर जुबली भवन ने पन्त भवन को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 6 मई 2024 को पटेल भवन एवं नेहरू भवन के बीच खेला गया। टैगोर भवन ने नेहरू भवन को 25–18, 25–18, 25–22 से पराजित कर प्रतियोगिता जीती। पटेल भवन के श्री आशीष कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया तथा अपने आर्शीवचन से उनका मनोबल बढ़ाया। इस प्रतियोगिता का आयोजन अधोहस्ताक्षरी एवं शारीरिक शिक्षा अनुभाग के कर्मचारियों ने सफलतापूर्वक किया।

निदेशक संचार